# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 04.06.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए नामांकन 31 जुलाई तक ऑनलाइन स्वीकार किए जाएंगे।
2. माई भारत, द्वारा फिटनेस को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विम्बर्लीगंज में विश्व साइकिल दिवस मनाया गया।
3. समाज कल्याण निदेशालय की ओर से नशा मुक्ति और रोकथाम पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित।
4. द्वीपसमूह के अधिकांश भागों में नौ जून तक तेज हवाओं के साथ वर्षा होने की संभावना है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार भारत सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में बच्चों की असाधारण उपलब्धियों को मान्यता देने के लिए प्रदान किया जाने वाला एक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार है। इस पुरस्कार की शुरुआत प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित करने के उद्देश्य से की गई है। इस श्रेणी में वीरता, समाज सेवा, पर्यावरण, खेल, कला और संस्कृति, विज्ञान और प्रौद्योगिकी शामिल है। जिन बच्चों की आयु 31 जुलाई 2026 तक 18 वर्ष से कम है और जिन्होंने इन क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन तथा असाधारण योगदान दिया है, वे नामांकन के पात्र हैं। नामांकन राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल awards.gov.in के माध्यम से 31 जुलाई तक ऑनलाइन स्वीकार की जाएंगी। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार हर साल गणतंत्र दिवस से एक सप्ताह पहले राष्ट्रपति द्वारा राष्ट्रपति भवन के दरबार हॉल में प्रदान किया जाता है। बाल शक्ति पुरस्कार के विजेता 26 जनवरी को नई दिल्ली के राजपथ पर आयोजित होने वाली गणतंत्र दिवस परेड में भी हिस्सा लेते हैं।

<><><><><><><>

माई भारत, श्री विजयपुरम ने ग्राम पंचायत कन्यापुरम के सहयोग से विम्बर्लीगंज के मिनी स्टेडियम में विश्व साइकिल दिवस मनाया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत कन्यापुरम के प्रधान पी. अब्दुल बशीर ने मुख्य अतिथि के रूप में साइकिल चलाने को एक किफायती, पर्यावरण के अनुकूल और स्वास्थ्यवर्धक परिवहन साधन के रूप में रेखांकित किया। विशिष्ट अतिथि संयुक्त निदेशक, माई भारत ने फिटनेस, स्थायी गतिशीलता और पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने में विश्व साइकिल दिवस के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने स्वस्थ,

अनुशासित और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार जीवनशैली के माध्यम से विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने में युवाओं की भूमिका पर भी प्रकाश डाला। जिला युवा अधिकारी दीपक कुमार ने विश्व साइकिल दिवस के उद्देश्यों और माई भारत की विभिन्न युवा–केंद्रित पहलों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में शामिल होने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रशंसा प्रमाणपत्र और विजेताओं को पदक देकर सम्मानित किया गया।

<><><><><><><>

आकाशवाणी के गौरवशाली 90 वर्ष पूरे होने के देशव्यापी उत्सव के हिस्से के रूप में, आकाशवाणी श्री विजयपुरम ने 2 जून को अपनी 63वीं वर्षगांठ मनाई। इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त प्राचार्या रीता बनर्जी मुख्य अतिथि, वरिष्ठ कलाकार गीतांजलि आचार्य विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस दौरान आकाशवाणी के सेवानिवृत्त कर्मचारी, आकाशवाणी और दूरदर्शन के वर्तमान कर्मचारी, casual assignees, आमंत्रित अतिथि और कलाकार भी मौजूद थे। सहायक निदेशक (कार्यक्रम) मीना प्रकाश ने उपस्थिति का स्वागत किया। उप महानिदेशक (अभियांत्रिकी) सी. सुब्बा राव ने अपने संबोधन में रेडियो के महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि ने आकाशवाणी से जुड़ी अपनी पुरानी यादों को साझा किया। यह उत्सव सूचना, शिक्षा और मनोरंजन के माध्यम से लोगों की सेवा करने में आकाशवाणी की समृद्ध विरासत और स्थायी यात्रा को दर्शाता है। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और विशेष कार्यक्रमों ने इस आयोजन में जीवंतता और रंग भर दिए, जिससे यह अवसर सभी उपस्थित लोगों के लिए यादगार बन गया।

<><><><><><><>

मादक द्रव्यों की मांग में कमी के लिए राष्ट्रीय कार्ययोजना के तहत, समाज कल्याण निदेशालय की ओर से नशा मुक्ति और रोकथाम पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस विभाग की एंटी–नारकोटिक्स शाखा और एकीकृत व्यसन मुक्ति केंद्र के सहयोग से कल गाराचरमा सेनेटरी कार्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में सफाई मित्रों ने भाग लिया। इसका उद्देश्य नशीली दवाओं के हानिकारक प्रभावों और एक स्वस्थ व नशा मुक्त जीवन शैली बनाए रखने के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करना था। इस अवसर पर विषय विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को द्वीपसमूह में उपलब्ध विभिन्न नशामुक्ति और पुनर्वास सुविधाओं और IRCA के माध्यम से उपचार और परामर्श सेवाओं का लाभ उठाने की प्रक्रिया की जानकारी दी। प्रतिभागियों को मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए नियमित योग, ध्यान, शारीरिक व्यायाम और

परिवार के सदस्यों के साथ समय बिताने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इसके अलावा, नशीली दवाओं के सेवन के शुरुआती लक्षणों को पहचानने और इसकी रोकथाम व सुधार में पारिवारिक सहयोग के महत्व पर भी जानकारी साझा की गई।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के अधिकांश भागों में तेज हवा और गरज के साथ वर्षा की संभावना है। आज से लेकर नौ जून तक द्वीपों के एक –दो स्थानों पर 40 से 50 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी, जो बढ़कर 60 किलोमीटर प्रतिघंटा हो सकती है। खराब मौसम को देखते हुए मछुआरों को 7 जून तक समुद्र में न जाने सलाह दी गई है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रंगलाल हलदर ने मुख्य सचिव से लिटिल अंडमान से जुड़ी जन शिकायतों और विकासात्मक मुद्दों पर तत्काल हस्तक्षेप की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा है। हट बे के अपने हाल के दौरे का हवाला देते हुए उन्होंने क्षेत्र में ड्राइविंग लाइसेंस प्रशिक्षण की कमी, जर्जर बुनियादी ढांचा, सर्फिंग गतिविधियों पर रोक, क्वारी के बंद होने और मनरेगा के कार्यों को दोबारा शुरू करने जैसे मुद्दों को उठाया। उन्होंने प्रशासन से इस मामले पर आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम में कैट की सर्किट बैठक आठ जून से उन्नीस जून तक वर्चुअल माध्यम से आयोजित की जाएगी। जिसमें न्यायिक सदस्य उर्मिता दत्ता सेन, और प्रशासनिक सदस्य सुचित्तो कुमार दास, मामलों की सुनवाई करेंगे। इस दौरान नए आवेदन भी स्वीकार किए जाएंगे। जिन विभागों के मामले CAT में लंबित है उनसे संबंधित दस्तावेजों के साथ सरकारी अधिवक्ता और पैनल अधिवक्ताओं से संपर्क करने को कहा गया है। साथ ही सभी विभागाध्यक्षों से अनुरोध किया गया है कि वे अपने नोडल अधिकारियों को सुनवाई की तारीख पर संबंधित दस्तावेजों के साथ उपस्थित रहने का निर्देश दें।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन के विभिन्न विभागों में ग्रुप सी के पदों को भरने के लिए पात्र उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इन पदों के लिए सामान्य मिट्रिक स्तरीय परीक्षा आयोजित की जाएगी। ऑनलाइन परीक्षा की तिथि प्रशासन के भर्ती पोर्टल के माध्यम से की जाएगी। आवेदन के लिए पोर्टल 8 जून दोपहर बारह बजे से 28 जून मध्य रात्रि तक खुली रहेगी।

<><><><><><><>

विश्व हिंदू परिषद ने राष्ट्रहित की सेवा के उद्देश्य से निकोबार जिला और कैंपबेल बे के लिए नए सांगठनिक दायित्वों की घोषणा की है। इस अवसर पर द्वीपों के संगठन मंत्री अविनाश गौड़ जी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में संगठन के विस्तार, सामाजिक विकास और हिंदू समाज को संगठित व सशक्त बनाने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान निकोबार जिला समिति और कैंपबेल बे प्रखंड के नए पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की गई।

<><><><><><><>